आकाशवाणी भोपाल

दिनांक 09.09.2024 समय: 7.10 PM

**मुख्य समाचार...**

- प्रदेश में संभागों, जिलों और तहसीलों का नए सिरे से होगा सीमांकन, सरकार ने परिसीमन आयोग का किया गठन ।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बीना में कहा-राज्य में जल्द शुरू होगी एयर कार्गो सेवा।
- प्रदेश में आज अलग अलग जगह पानी में डूबने से नौ लोगों की हुई मृत्यु।
- एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में भारत ने जापान को पांच-एक से हराया।

**प्रदेश सीमांकन**

प्रदेश में संभागों, जिलों और तहसीलों का सीमांकन नए सिरे से किया जाएगा। इसके लिए सरकार ने परिसीमन आयोग का गठन कर दिया है। तीन सदस्यीय आयोग का अध्यक्ष रिटायर्ड एसीएस मनोज श्रीवास्तव को बनाया गया है। सदस्यों के नाम पर फैसला बाद में लिया जाएगा। आम लोग इस आयोग को अपने क्षेत्र की प्रशासनिक संरचना को लेकर सुझाव दे सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज बीना रवाना होने से पहले एक वीडियो जारी कर यह जानकारी दी।

**मुख्यमंत्री लाडली बहना**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज बीना में आयोजित कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना के तहत 1 करोड़ 29 करोड़ महिलाओं के खातों में 1 हजार 574 करोड़ और 55 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों को 332 करोड़ से अधिक की राशि जारी की। मुख्यमंत्री

ने कार्यक्रम में लगभग 215 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन भी किया ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश को व्यापार का केंद्र बनाने के लिए जल्द ही मध्य प्रदेश सरकार एयर कार्गो की सुविधा शुरू करने वाली है. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने हर संभाग में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने का दृढ़ संकल्प लिया है। इसी दिशा में आगामी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव 27 सितंबर को सागर में आयोजित की जाएगी। उन्होंने केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना में छुट गए सभी 129 गांव को भी इस योजना से जोड़ने की जानकारी दी. मुख्यमंत्री बीना पेट्रोकेमिकल और रिफाइनरी विस्तार परियोजना के मॉडल का अवलोकन किया।

**किसान सहायता समिति**

समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार, एवं बाजरा उपार्जित करने के लिए किसानों को पंजीयन में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर त्वरित समाधान किया जायेगा। इसके लिए विभिन्न स्तर पर समितियों का गठन किया जा रहा है। किसानों का पंजीयन 19 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक होगा। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि पंजीयन में किसानों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने बताया है कि तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तर पर जिला सूचना अधिकारी एनआईसी के नेतृत्व में टीम गठित की जायेगी। एक समिति राज्य स्तर पर भी गठित होगी। राज्य एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम भी बनाये जायेंगे।

**सुप्रीम कोर्ट-कोलकाता**

सर्वोच्च न्यायालय ने आज केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई को कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले की जांच पर 17 सितम्बर को एक ताजा रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश

धनंजय चंद्रचूड के नेतृत्व वाली खंडपीठ ने सीबीआई के लिए पैरवी करने वाले  सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता द्वारा सीलबंद कवर में पेश रिपोर्ट का भी आज अध्ययन किया।

**मंकीपॉक्स परामर्श**

केन्द्र ने देश के राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को मंकीपॉक्स के सभी संदिग्ध मामलों की जांच और परीक्षण करने को कहा है। केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्र ने मंकीपॉक्स से संबंधित विश्व स्वास्थ्य संगठन की अंतर्राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य आपात की घोषणा की। मंत्रालय ने अपने परामर्श में मंकीपॉक्स को लेकर जागरूकता बढाने तथा लोगों में फैले डर को रोकने के लिए निवारक उपाय अपनाने पर बल दिया है। स्वास्थ्यकर्मियों विशेषकर चर्म, यौन संचरित बीमारियों के क्लीनिक तथा राष्ट्रीय एडस नियंत्रण संगठन के क्लीनिक को स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का पालन करने को कहा गया है।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 29 तारीख को आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और दुनियांभर के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कडी होगी।

श्रोता, इस महीने की 27 तारीख तक टोल फ्री नम्बर **1 8 0 0 - 1 1 - 7 8 0 0** पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

**विशेष सफाई अभियान**

भोपाल के गांवों में 17 सितंबर को विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। गौरतलब है कि 'स्वच्छता ही सेवा अभियान की 10वीं वर्षगांठ के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' की थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जाएगा । अभियान को लेकर आज जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज सिंह ने एक बैठक की।

**डूब मृत्यु**

प्रदेश में आज अलग अलग जगह पानी में डूबने से नौ लोगों की मृत्यु हो गयी. विदिशा जिले के अंतर्गत बेतवा नदी एवं अन्य स्थानों पर डूबने से एक एसएएफ आरक्षक सहित 5 लोगों की मृत्यु हो गयी। वहीँ, दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र के डूमर गांव के तालाब में डूबने दो बहनों सहित चार बालिकाओं की मृत्यु की खबर है. सरकार ने सभी के परिजनों को चार चार लाख की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिवंगतों की पुण्यात्माओं को शांति देने और परिजन को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अतिवृष्टि के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ने की स्थिति में सावधानी बरतने एवं सुरक्षित रहने की अपील की है।

**मौसम**

प्रदेश में मानसून कहीं कम और कहीं ज्यादा सक्रीय है । भोपाल के कुछ इलाकों में आज सुबह बूंदाबांदी के बाद तेज धूप निकली है। वहीं, शाजापुर में आधे घंटे जमकर पानी गिरा। मौसम विभाग ने आज अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट में अति भारी बारिश

होने का अनुमान जताया है। वहीँ, 25 से ज्यादा जिलों में भी बारिश हो सकती है।

**चैंपियंस ट्रॉफी**

चीन में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में आज भारत ने जापान को पांच-एक से हरा दिया। वर्तमान चैंपियन भारत की टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है। भारत की ओर से सुखजीत ने दो, अभिषेक, संजय और उत्तम सिंह ने एक-एक गोल किया। पहले मैच में कल भारत ने मेजबान चीन को तीन-शून्य से हराया था।

**समाचार संक्षेप**

1.नर्मदापुरम में आज सुबह एक ट्रैक्टर रेलवे ट्रैक क्रॉस करते समय पटरी पर फंस गया। इसी बीच सोमनाथ एक्सप्रेस ट्रेन आ गई। लोको पायलट ने खतरे को भांपते हुए सूझबूझ से काम किया और ट्रेन रोक दी।

2. शाजापुर जिला अस्पताल में आज विश्व फिजियोथैरेपी दिवस पर वृद्ध जनों के लिए फिजियोथैरेपी शिविर का आयोजन किया गया.

3. अशोकनगर में कल विश्व आत्महत्या निषेध दिवस का आयोजन शासकीय महाविद्यालय अशोकनगर में किया जायेगा।

4. खंडवा में श्वेतांबर जैन समाज के पर्युषण पर्व का आज समापन हुआ। इस अवसर पर टपाल चाल स्थित महावीर भवन में सामूहिक क्षमा याचना पर्व मनाया गया।

5. कैप्टन सुमीत सिंह सेवानिवृत्त जिला सैनिक कल्याण अधिकारी 11 सितंबर को मुलताई दौरे पर रहेगे। इस दौरान वे दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक जनपद पंचायत के सभाकक्ष में भूतपूर्व सैनिकों, दिवंगत सैनिकों की पत्नियों की समस्याओं को सुनेंगे।

6. राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर कल नीमच में प्रत्येक बच्चें को एल्बेंडाजोल की दवाई खिलवाकर कृमिनाशन किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा ।

7. सीहोर जिले के विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी 14 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायगा। और

8. मुरैना में प्रतिबंध के बावजूद भी क्वारी नदी रपटे के ऊपर चल रहे तेज बहाव के पानी में आवागमन कर रहे ग्रामीणों पर रोक लगा दी है।

-----------------------